**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्**
**अनुसंधान भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-01**

सं. 6-11 (92)/2013-E.III

दिनांक: 25.10.2021

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: सीएसआईआर मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2021- प्रचार वाक्य (Slogan) तथा निबंध (Essay) से सम्बंधित प्रतियोगिताओं के आयोजन से सम्बंधित**

संदर्भ : केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के दिनांक 01.09.2021 का परिपत्र सं 15/09/2021

केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के उपरोक्त संदर्भित द्वारा दिए गए निदेशानुसार सीएसआईआर मुख्यालय में 26 अक्टूबर से 1 नवम्बर 2021 तक "सतर्कता जागरूकता सप्ताह :2021" मनाया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर सीएसआईआर मुख्यालय तथा इस की इकाईयों के सभी स्टाफ सदस्यों के लिए प्रचार वाक्य (Slogan) तथा निबंध (Essay) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

प्रचार वाक्य तथा निबंध के लिए निम्नलिखित विषय निर्धारित किया गया हैं।
"स्वतंत्र भारत @75 सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता :/ Independent India @75: Self Reliance with Integrity"

उपर्युक्त के सन्दर्भ में निम्नांकित नियमों का पालन अपेक्षित है :

1. प्रचार वाक्य तथा निबंध हिंदी अथवा अंग्रेजी, किसी भी एक भाषा में जमा कराया जा सकता है।
2. प्रत्येक प्रतियोगी केवल एक प्रचार वाक्य (Slogan) तथा एक निबंध (Essay) जमा करा सकता है। यह हिंदी अथवा अंग्रेजी में डबल स्पेस में टाइपिंग कर उसे निम्नलिखित ईमेल पर भेजा जाए :
   sreelekshmy@csir.res.in
3. प्रचार वाक्य तथा निबंध के अंत में नाम, पदनाम और तैनाती का स्थान लिखा होना आवश्यक है।
4. प्रचार वाक्य तथा निबंध की प्रविष्टियाँ ईमेल द्वारा इस अनुभाग में 28 अक्टूबर, 2021 शाम 05:00 बजे तक पहुँच जानी चाहिए। इसके बाद प्राप्त होने वाली प्रविष्टियां स्वीकार नहीं की जाएंगी।

(एस.के.यादव)
अवर सचिव

प्रतिलिपि :

1. सीएसआईआर मुख्यालय/ महारानी बाग़ अतिथि गृह / विज्ञान केंद्र / सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स / आई पी यू /टीकेडीएल इकाई/एचआरडीसी के सभी अनुभागाध्यक्ष और प्रभागाध्यक्ष इस अनुरोध के साथ कि इस कार्यालय ज्ञापन को अपने साथ कार्यरत सभी स्टाफ सदस्यों के संज्ञान में लाएं
2. मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीएसआईआर, का कार्यालय
3. प्रमुख, आई टी विभाग : इस कार्यालय ज्ञापन को वेबसाईट पर उपलब्ध करने हेतु देखें एवं MS-Teams लिंक बनाने हेतु तथा सीएसआईआर मुख्यालय एवं इसकी इकाईयों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लिंक भेजने हेतु भी कृपया देखें
4. सभी नोटिस बोर्ड
5. कार्यालय प्रति